नगरायुक्त ने सूखा कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया देखी

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ककरा में मेटेरियल रिकवरी फेसेलिटी (एम0आर0एफ0) सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत सूखे कूड़े के निस्तारण की प्रक्रिया को देखा गया।

इससे बने उत्पाद सिटी कम्पोस्ट एवं अन्य की निस्तारण प्रक्रिया को जाना गया।

मुख्य अभियन्ता (सिविल) दिनेश चन्द्र सचान द्वारा अवगत कराया कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा ककरा में तैयार मेटेरियल रिकवरी फेसेलिटी (एम0आर0एफ0) सेंटर के माध्यम से नगर के विभिन्न क्षेत्रों व कॉलोनियों से आने वाला कचरा अलग-अलग किया जा रहा है।

साथ ही इस सेंटर के माध्यम से सी0एंड0डी वेस्ट (मकानों से निकलने वाला मलबा), प्लास्टिक, कागज, बोटल, कॉच, धातु आदि तरह-तरह का कचरा अलग-अलग किया जा रहा है एवं गीले कचरे से खाद बनाई जा रही है। अन्य कूड़े को एम0आर0एफ0 सेन्टर के माध्यम से अलग-अलग करके रियूज किया जा रहा है। निरीक्षण के समय मुख्य अभियंता सिविल श्री दिनेश चन्द्र सचान, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित,पवन कुमार तथा सुश्री साक्षी सरारी उपस्थित रहे।